राष्ट्र हित उद्योग हित श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

दिनांक: 04-02-2021

General Circular 01/2021
For all Respected Members & Wellwishers

प्रिय एवं सम्मानित साथियों,

वंदे मातरम........

साथियों जैसा कि आपको विदित ही है कि बैंकिंग उद्योग किन परिस्थितियों से आज के समय में गुजर रहा है और इसका मुख्य कारण वह वसंगठन हैं जो कि बैंकिंग में अत्यधिक होने का दम तो भर देते हैं किन्तु परिस्थितियों को सुधारने का दम नहीं रखते व सदस्यों को गुमराह करते रहते हैं| हमने लगातार समय समय पर इस विषय पर आप सभी का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयत्न किया है कि "सबसे अधिक तंख्वाह कटाने वाली industry यदि कोई है तो वह बैंकिंग और सबसे अधिक बत्तर हालात में जाने वाली इंडस्ट्री भी है| और ग्रामीण बैंकों का हाल तो और भी बुरा है| न स्टाफ है और न ही सुविधाएं और कार्य भी दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में करते हैं फिर भी सम्मान के हकदार नहीं| दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया ग्रामीण बैंक कर्मियों के साथ| ऐसा क्यूँ? क्यूंकी वामियों ने अपने स्वार्थ में आपसे न जाने कितनी साल दर साल हड़तालें करवाईं और जो भी ग्रामीण बैंकों को मिला वह कोर्ट से मिला|" **वर्ष 1982 में हमारी राष्ट्रिय इकाई AIGBWO ने तत्कालीन महामंत्री माननीय श्री आर के गौतम के नेत्रत्व में ग्रामीण बैंक कर्मियों के लिए "Equal pay for equal work" की petition माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर की जिसकी परिणित NIT अवार्ड के रूप में आपके समक्ष है| जिस कारण सम्पूर्ण ग्रामीण बैंकों में एक राष्ट्रीयकृत बैंको के समान वेतन लागू है| और यह माननीय supreme court का निर्णय है और प्रत्येक सम्झौता स्वतः ही ग्रामीण बैक में एक समान लागू है तो levy क्यों? और उसके भी ऊपर आम सदस्य अपनी किसी भी संगठन को सदस्यता इसीलिए तो देते हैं कि उनके संगठन उनके अधिकार के लिए संघर्ष करें जिसके लिए मासिक चंदा दिया जाता है तो फिर Levy क्यों? हमारा संगठन Levy में विश्वास न रखकर कार्य में विश्वास रखता है|**

हमारे संगठन ने गत समय में और भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जिसके विषय में विस्तार से परिपत्र में सूचित किया जाएगा|

हमारा संगठन majority न होने के बावजूद जब ऐसे कार्य कर सकता है तो तनिक विचार करें की जब हमारे संगठन को Aryavart Bank में majority मिलेगी तो आपके लिए कितना कार्य कर सकेगा| हम विश्वास दिलाते हैं कि आपके सम्मान की रक्षा करने का दम हमारा संगठन रखता है और बिना किसी भेदभाव और leavy के आपके लिए आपकी membership के बलबूते अत्यधिक कार्य करने की हिम्मत और जज्बा दोनों रखता है| कई साथियों ने संगठन में विश्वास में रखकर हमारे संगठन को अपनी सम्मानित membership दी है और यह सिलसिला लगातार जारी है| हम आप सभी को हृदय से धन्यवाद देते हुए पुनः **इस वर्ष भी 11 वें वेतन समझौते को शीघ्र लागू कराने हेतु संघर्ष के साथ ही कार्य हेतु पिछले समझौते की भांति ही किसी भी प्रकार की Levy न लेने के अपने प्रण को दोहराते हैं| एक प्रयास हमारा और दूसरा प्रयसा आपका..................... आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारा संगठन निरंतर Majority की ओर बढ़ रहा है, आइये हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर चलें और सही विचारधारा अपनाकर अपने संगठन को Aryavart Baink में 80% से अधिक संख्या का संगठन बनाने में सहयोग करें|**

अधिक जानकारी हेतु कृपया हमारी अतिउपयोगी website www.abwoo.org देखें|

भारत माता की जय

Rohit Singh

Rohit Singh	**Pravin Kumar Singh**	**Rohit Kumar Singh**	**Lalit Singh**
President	**General Secretary**	**President**	**General Secretary**
Workers	**Workers**	**Officers**	**Officers**

Dream India: Clean India, Green India

(भारत माता की जय)